# केंद्र सरकार ने 12,236 करोड़ के फैसले किए मंजूर

## पीएम की अध्यक्षता में सेवा तीर्थ में पहली कैबिनेट बैठक

- तीन रेल प्रोजेक्ट समेत कुल 8 फैसले लिए
- 9,072 करोड़ की तीन रेल परियोजनाओं को मंजूरी



**नई दिल्ली, 24 फरवरी. केंद्र सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास को रफ्तार देने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है. मंगलवार को हुई यूनियन कैबिनेट की बैठक में रेलवे, मेट्रो और एविएशन क्षेत्र के अहम प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी मिल गई.**

इन सभी परियोजनाओं की कुल लागत 12,236 करोड़ रुपए है. साथ ही पावर सेक्टर में सुधारों को लेकर नीतिगत फैसले लिए गए और केरल राज्य का नाम बदलकर 'केरलम' करने की मंजूरी भी दे दी गई. इसी के साथ केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चार राज्यों महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार तथा झारखंड के आठ जिलों को कवर करने वाली 9,072 करोड़ रुपये की तीन रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है.

### एविएशन और मेट्रो में निवेश

श्रीनगर में नए इंटीग्रेटेड एयरपोर्ट टर्मिनल का निर्माण 1,667 करोड़ रुपये की लागत से होगा. वहीं अहमदाबाद मेट्रो प्रोजेक्ट के फेज-2क्रके विस्तार के लिए 1,067 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं.

### 'सेवा तीर्थ' में पहली कैबिनेट की बैठक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यह बैठक नए प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ में हुई. अश्विनी वैष्णव ने कहा, यह मीटिंग और यह बिल्डिंग नए भारत के पुनर्निर्माण का सीधा उदाहरण है.

### केरल का बदला नाम

इस बैठक में एक और अहम फैसला लिया गया. मंगलवार को केरल का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई. यह कदम 24 जून, 2024 को केरल असेंबली में एकमत से पास हुए प्रस्ताव के बाद आया है.

## कफ सिरप मामले में 13 करोड़ से अधिक की संपत्ति फ्रीज

**वाराणसी, 24 फरवरी.** उत्तर प्रदेश में वाराणसी की कोतवाली पुलिस ने कोडीन युक्त कफ सिरप मामले से जुड़े अभियुक्त मनोज कुमार यादव की आपराधिक गतिविधियों से अर्जित अचल संपत्तियों एवं बैंक खातों को मंगलवार को फ्रीज कर दिया. कुल फ्रीज की गई संपत्ति की अनुमानित कीमत 13 करोड़ 53 लाख 05 हजार 985 रुपये है. पुलिस के अनुसार, प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप के सिंडिकेट के सरगना शुभम जायसवाल को बढ़ावा देने में अभियुक्त मनोज कुमार यादव सक्रिय भूमिका निभा रहा था. थाना कोतवाली में दर्ज कफ सिरप संबंधित अभियोग में नामजद अभियुक्त मनोज कुमार यादव, निवासी औसानगंज, थाना जैतपुरा, जिला वाराणसी की विभिन्न अचल संपत्तियों एवं बैंक खातों पर यह कार्रवाई की गई है. पुलिस ने बताया कि अभियुक्त मनोज कुमार यादव ने भारी मात्रा में न्यू फेन्साडिल कफ सिरप को वाराणसी एवं आसपास के क्षेत्रों में फर्जी एवं कूटरचित ई-वे बिल तैयार करके नशीले पदार्थ के रूप में विभिन्न फर्मों के माध्यम से आपराधिक साजिश के तहत बेचा.

# विद्यार्थियों ने नृत्यों के माध्यम से संस्कार और भारतीय संस्कृति की छटा बिखेरी

- नव ज्योति पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव



**नई दिल्ली, 24 फ़रवरी. नव ज्योति पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव दिल्ली के प्रतिष्ठित ऐवाने-ग़ालिब ऑडिटोरियम में भव्य और सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ.कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी उत्साहपूर्वक शामिल हुए.**

इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें सत्य शर्मा, अध्यक्षा, स्थायी समिति, दिल्ली नगर निगम; डॉ. राजेश्वरी कापरी, पूर्व उप शिक्षा निदेशक; सत्यवीर सिंह मावी, राष्ट्रीय अध्यक्ष, डीआईएसए; और अन्य गणमान्य व्यक्तित्व शामिल थे.उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या कमलेश शर्मा के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने शास्त्रीय एवं आधुनिक नृत्य, समूहगान, नाट्य मंचन और सामाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया.मंच सज्जा, प्रकाश और ध्वनि व्यवस्था ने कार्यक्रम को पेशेवर स्वरूप दिया।

विद्यालय का उद्देश्य मध्यम वर्गीय बच्चों को कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना है.पिछले 27 वर्षों से कमलेश शर्मा ने सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यालय को एक सशक्त पहचान दिलाई है.कार्यक्रम के अंत में 'सम्मान दिवस' आयोजित कर देश की रक्षा में समर्पित भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों का सम्मान किया गया.यह उत्सव शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रभक्ति के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

# विकास लक्ष्यों के अनुरूप होना चाहिए : राधाकृष्णन

## एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के एकीकरण का आह्वान



**नयी दिल्ली, 24 फरवरी. उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने पर्यटन को संस्कृतियों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु बताते हुए इसके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के एकीकरण पर जोर दिया लेकिन कहा कि पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप ही पर्यटन का विकास होना चाहिए.**

राधाकृष्णन ने मंगलवार को यहां अमेरिका-भारत सहयोग फोरम द्वारा आयोजित 'टूरिज्म लीडरशिप समिट 2026' को संबोधित किया और सतत समावेशी विकास पर बल देते हुए जलवायु के प्रति सजग बुनियादी ढांचे, समुदाय-आधारित मॉडलों और आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के एकीकरण का आह्वान किया.

उपराष्ट्रपति ने पर्यटन को आर्थिक अवसरों और सौम्य कूटनीति का एक शक्तिशाली सेतु बताया और कहा कि यह युवाओं को आत्मविश्वास और प्रगतिशील भारत की आकांक्षाओं का प्रतीक है. उन्होंने भारत की जनसांख्यिकीय शक्ति को इसकी सबसे बड़ी संपत्ति बताया और कहा कि विकसित तथा आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना युवा नागरिकों से नवाचार, ईमानदारी और उद्यमशीलता के साथ योगदान करने का आह्वान करती है.

## 34 किलो चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया, 24 फरवरी.** बिहार में प. चम्पारण जिले के सिकटा थाना क्षेत्र में शिकारपुर के पास पुलिस और सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने मंगलवार को संयुक्त कार्रवाई में 34.308 किलोग्राम चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है. नेपाल से चरस लाए जाने की गुप्त सूचना पर घेराबंदी की गई थी. संदिग्धों ने रुकने के संकेत पर भागने की कोशिश की, लेकिन जवानों ने पकड़ लिया. तलाशी के दौरान 24 पैकेट चरस बरामद की गई. बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब 85.77 लाख रुपये आंकी गई है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामाज्ञा यादव (45) और जनक लाल पटेल (55) के रूप में हुई है. इस मामले में सशस्त्र सीमा बल 47वीं बटालियन के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है.

# बर्फीले तूफान के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित

- न्यूयॉर्क क्षेत्र के हवाई अड्डे सबसे अधिक प्रभावित



**न्यूयार्क, 24 फरवरी. एक शक्तिशाली बर्फीले तूफान के कारण अमेरिका का पूर्वी हिस्सा बुरी तरह प्रभावित हुआ है. इस बर्फीले तूफान ने शहरों को बर्फ से ढ़क दिया है, जिससे बिजली चली गयी, यातायात पंगु हो गया और स्कूल को बंद करना पड़ा.**

सोमवार को आये इस तूफान ने हवाई और जमीनी यात्रा को गंभीर रूप से बाधित कर दिया. न्यूयॉर्क क्षेत्र के हवाई अड्डे सबसे अधिक प्रभावित हुए और देश भर में हजारों उड़ानें रद्द कर दी गईं. इसके कारण देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी यानि को लगभग 6.5 करोड़ लोगों को अलर्ट पर रखा गया.

### 5,700 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई

फ्लाइट-ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर के अनुसार, सोमवार रात नौ बजे तक अमेरिका के भीतर, अंदर या बाहर जाने वाली 5,700 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गई थीं. साथ ही 3,400 से अधिक उड़ानें विलंबित थीं. न्यूयॉर्क के जॉन एफ. कैनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सबसे अधिक उड़ानें रद्द की गयीं, उसके बाद ला गार्डिया एयरपोर्ट और नेवार्क इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थान रहा. पावरआउटेज यूएस के अनुसार, सोमवार दोपहर को पूर्वी क्षेत्र में पांच लाख से अधिक घरों और व्यवसायों में बिजली नहीं थी.

## अमेरिका ने चीन पर परमाणु हथियार बढ़ाने का आरोप लगाया

**अमेरिका.** अमेरिका ने दावा किया है कि चीन ने 22 जून 2020 को लोप नूर में एक सीक्रेट अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट किया था. अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव ने इसे 2.75 तीव्रता वाला विस्फोट बताया और कहा कि इससे चीन ने अपनी परमाणु ताकत बढ़ाई है. उन्होंने बताया कि 2020 से चीन के परमाणु हथियार 200 से बढ़कर 600 से अधिक हो गए हैं और 2030 तक यह संख्या 1,000 से ऊपर पहुंच सकती है. यह आरोप ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और रूस के बीच न्यू स्टार्ट संधि समाप्त हो गई है, जिससे परमाणु हथियारों की दौड़ बढ़ने की आशंका है.

# राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर अमेरिका लगा सकता है नया टैरिफ

- भारत के निर्यात पर असर संभावित



**वाशिंगटन, 24 फरवरी. अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद अमेरिका कुछ नए उत्पादों पर टैरिफ ( आयात शुल्क ) लगाने की तैयारी कर रहा है. इन उत्पादों में बड़ी बैटरियां, कास्ट आयरन, प्लास्टिक पाइप, इंडस्ट्रियल केमिकल, पावर ग्रिड और टेलीकॉम उपकरण शामिल हो सकते हैं.**

यदि नए 'राष्ट्रीय सुरक्षा' टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर भारत जैसे देशों के निर्यात पर पड़ सकता है, खासकर मेटल, केमिकल और औद्योगिक पुर्जों के क्षेत्र में, जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा हैं. वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार ये टैरिफ 1962 के ट्रेड कानून के सेक्शन 232 के तहत लगाए जा सकते हैं. यह प्रावधान राष्ट्रपति को 'राष्ट्रीय सुरक्षा' के आधार पर आयात शुल्क लगाने का अधिकार देता है. फाइनेंशियल डेली के मुताबिक ये नए टैरिफ ट्रंप के पहले प्रस्तावित 15% ग्लोबल टैरिफ से अलग होंगे. सेक्शन 232 का इस्तेमाल पहले स्टील, एल्युमिनियम, कॉपर, कार और ऑटो पार्ट्स पर किया जा चुका है.

नई जांच और टैरिफ की लागू होने की समयसीमा अभी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि इसके लिए लंबी जांच आवश्यक होती है, लेकिन लागू होने के बाद ड्यूटी एकतरफा बदली जा सकती है.

# बब्बर खालसा इंटरनेशनल के दो गुर्गे धराए

- जबरन वसूली मॉड्यूल का भंडाफोड़

**जालंधर 24 फरवरी. पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस ( सीआई ) जालंधर ने मंगलवार को प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल ( बीकेआई ) द्वारा समर्थित एक जबरन वसूली और फायरिंग मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए इसके दो मुख्य गुर्गों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक.32 बोर पिस्तौल, एक मैगजीन और आठ कारतूस बरामद हुए हैं. उन्होंने कहा कि पकड़े गये आरोपियों की पहचान सुखविंदर सिंह उर्फ सन्नी और रावल के रूप में हुई है. ये दोनों शहीद भगत सिंह (एसबीएस) नगर के गांव कुलम के निवासी हैं. श्री यादव ने कहा कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि ये आरोपी विदेश में बैठे अपने हैंडलरों के सीधे संपर्क में थे. उन्होंने कहा, ' यह मॉड्यूल गोपी नवांशाहरिया, जस्सी कुलम और सुशांत चोपड़ा जैसे विदेशी हैंडलरों के निर्देशों पर काम कर रहा था, जो बीकेआई से जुड़े हुए हैं. इन आरोपियों ने हाल ही में गढ़शंकर क्षेत्र में एक ट्रैवल एजेंट के घर पर रंगदारी (जबरन वसूली) के लिए दो बार गोलीबारी की वारदातों को अंजाम दिया था.

काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर की टीमों को इन आरोपियों की गतिविधियों के बारे में पुख्ता जानकारी मिली थी. इसी आधार पर जालंधर-अमृतसर हाईवे पर स्थित सूरानस्सी में लिधड़ां अंडरब्रिज के पास नाकाबंदी कर दोनों आरोपियों को हथियारों समेत दबोच लिया गया. पुलिस महानिदेशक ने बताया कि इस मामले में अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 111, 61(2) और आर्म्स एक्ट की धारा 25, 25(1-बी)(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है. यादव ने कहा, 'इस मॉड्यूल के नेटवर्क और अन्य सदस्यों की पहचान के लिए गहन जांच जारी है. इस मामले में और भी गिरफ्तारियां और बरामदगी होने पूरी संभावना है.'

# बंगाल में सुको ने 2 राज्यों के जज किए तैनात

- एसआईआर प्रक्रिया के लिए दिए निर्देश



**कोलकाता ,24 फरवरी. सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट ( सप्लीमेंट्री इलेक्टोरल रोल ) प्रक्रिया में लंबित 80 लाख क्लेम निपटाने के लिए झारखंड और ओडिशा के सिविल जजों को तैनात करने की अनुमति दी.**

कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि वह इन जजों की मदद लेकर फाइनल लिस्ट जल्द प्रकाशित कराए. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा कि 28 फरवरी तक बंगाल की फाइनल स्ढ्रक्र लिस्ट जारी की जा सकती है. कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वेरिफिकेशन प्रक्रिया जारी रहने पर चुनाव आयोग सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी कर सकता है. कलकत्ता हाईकोर्ट ने बताया था कि 80 लाख क्लेम निपटाने में 250 जिला जजों को 80 दिन लग सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट ने इसे देखते हुए अन्य राज्यों के जजों को मदद के लिए तैनात करने की अनुमति दी और कहा कि इसका खर्च चुनाव आयोग उठाएगा.

एसआईआर प्रक्रिया में हटाए गए क्लेम में माता-पिता के नाम में असंगति और उम्र के अंतर जैसी वजहें शामिल थीं. सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल करते हुए आदेश जारी किया कि सप्लीमेंट्री रोल के मतदाताओं को फाइनल लिस्ट में शामिल माना जाएगा, जिससे पूर्ण न्याय सुनिश्चित

# 'नई दिल्ली घोषणा पत्र' को 91 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों का समर्थन

**नई दिल्ली,24 फरवरी.** एआई शिखर सम्मेलन के समापन पर जारी 'नई दिल्ली घोषणा पत्र' को अब तक 91 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों का समर्थन मिल चुका है. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार भारत ने समान पहुंच और वैश्विक सहयोग पर आधारित 'सभी के लिए एआई' के अपने विजन का नेतृत्व किया.इस घोषणापत्र का समर्थन करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, चीन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, सऊदी अरब और यूएई जैसे शक्तिशाली राष्ट्र शामिल हैं. नवीनतम अपडेट में बांग्लादेश, कोस्टा रिका और ग्वाटेमाला भी जुड़ गए हैं.घोषणापत्र 7 प्रमुख उपलब्धियों पर केंद्रित है, जिनमें लोकतांत्रिक प्रसार, वैश्विक साझा मंच, विश्वसनीय प्रणालियों का साझा भंडार, वैज्ञानिक सहयोग नेटवर्क, सामाजिक सशक्तिकरण, कार्यबल विकास मार्गदर्शिका और लचीली एआई के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत शामिल हैं. इस पहल के तहत आधारभूत संसाधनों तक किफायती पहुंच सुनिश्चित की जाएगी, ताकि विकासशील देश स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि जैसे क्षेत्रों में एआई के माध्यम से स्थानीय नवाचार कर सकें और चुनौतियों का सामूहिक समाधान खोज सकें.

## मुझे नहीं पता कि मैं कब तक जिंदा हूं...

**वॉशिंगटन.** फ्लोरिडा में मार-ए-लागो रिसॉर्ट के सिक्योरिटी एरिया में घुसकर एक हथियारबंद घुसपैठिए को मार गिराए जाने के एक दिन बाद यूएस प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें पक्का नहीं पता कि वह कब तक रहेंगे. ट्रंप ने कहा, आप इन सभी पागल शूटरों के बारे में पढ़ते हैं, वे उन प्रेसिडेंट्स के पीछे नहीं पड़ते जो अहम नहीं हैं. उन्होंने उदाहरण के तौर पर दो मारे गए प्रेसिडेंट्स, अब्राहम लिंकन और जॉन एफ. केनेडी का जिक्र किया. ट्रंप ने कहा, वे अहम थे.

## एक नजर में

### सेना ने थार रेगिस्तान में युद्ध का किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली /पोखरण (राजस्थान ) 24 फरवरी.** सेना की दक्षिणी कमान ने मंगलवार को यहां राजस्थान की मरू भूमि स्थित पोखरण फायरिंग रेंज में अग्नि वर्षा अभ्यास के दौरान समकालीन हथियारों और प्रौद्योगिकी के जरिये अपनी एकीकृत ताकत तथा मारक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन किया. इस अभ्यास ने वास्तविक रणमाहौल में हथियारों के समन्वित इस्तेमाल, लंबी दूरी की सटीक मारक क्षमता तथा नेटवर्क-सक्षम कमान एवं नियंत्रण प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रमाणित किया.

### स्पाइसजेट की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली, 24 फरवरी.** दिल्ली से लेह जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी-121 को मंगलवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण वापस दिल्ली लाना पड़ा. उड़ान के दौरान इंजन में समस्या आने की सूचना मिली, जिसके बाद पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल को जानकारी दी. सुबह करीब 6.35 बजे फ्लाइट के लिए फुल इमरजेंसी घोषित की गई. पायलट ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विमान को वापस दिल्ली एयरपोर्ट लाने का फैसला किया. स्पाइसजेट का यह विमान बोइंग 737 था.

**VISHWADUTT MINERALS PVT. LTD.**
Godown 310/4/1, Patthar Mundla, Tejaji Chowk, Indore (M.P.) - 452001
In pursuance to the Order No. 2900(E) Dated 24th October, 2015 issued by Department of Agriculture and Co-operation, Ministry of Agriculture Govt. of India, **VISHWADUTT MINERALS PVT. LTD.** Hereby notifies that it intends To Introduce 100% Water Soluble Mixture of Fertilizer like -
(1) N.P.K. (19:19:19) (DHANSHAKTI 19:19:19)
(2) N.P.K. (22:10:08) (WINDSOR 22:10:08)
(3) N.P.K. (08:10:33) (AURA 08:10:33)
We will comply with terms and condition as per the above notification of Govt. of India.
E-mail : vmpl_nagpur@yahoo.co.in

**पश्चिम रेलवे - दाहोद**
**निविदा सूचना संख्या : M247GLRS5400T252636**
**दिनांक : 21.02.2026**
**कार्य का नाम :** WAG7 इलेक्ट्रिक लोको के मेन टान्स्फ़ॉर्मर टाइप - HETT 5400T का संपूर्ण रिपेयर तथा रिहेबिलिटेशन, **पता :** मु.का.प्र./ दाहोद प. रेलवे कार्यालय, **कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 6,47,11,520/-, बयाना राशि : ₹ 4,73,600.00/-, ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय :** ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 16.03.2026 को 14:30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता : www.ireps.gov.in/E-Tenders/Works/ IR Electrical. ADM/7/1/476
Follow us on: twitter.com/WesternRly

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रतलाम (म.प्र.)**
क्रमांक / 47 / राजस्व / 2026 रतलाम, दिनाक 17.02.2026
:: ई - निविदा आमंत्रण ::
नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी विस्तृत जानकारी ऑनलाईन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. की राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026 UAD 483288 20-02-26 5.00 PM | नगर पालिक निगम रतलाम सीमा क्षेत्रान्तर्गत शहर के समस्त टू-लेन / फोर लेन मार्गों पर सेन्ट्रल लाईट पोल पर प्रचार प्रसार हेतु LED लाईट युक्त बोर्ड के निर्माण, संचालन, रखरखाव को लायसेंस शुल्क के आधार पर 5 वर्ष तथा कार्य संतोषजनक होने पर आगामी 5 वर्ष के लिए निविदा शर्तों के अधीन निविदा आमंत्रित की जाती है। | 1825 Days | 15,000 1,25,000 | 23-03-25 15.30PM |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, रतलाम

**THE COSMOS CO-OP. BANK LTD.**
(Multistate Scheduled Bank)
*Enriching Life!*
रजिस्टर्ड कार्यालय : 'कॉसमॉस टावर', प्लाट नंबर 6, आईसीएस कॉलोनी, यूनिवर्सिटी रोड, गणेशखिंड, शिवाजीनगर, पुना - 411 007.
फ़ोन : 020 - 6708 6708

**सार्वजनिक नोटिस**
निम्नलिखित लॉकर धारकों को सूचित किया जाता है कि आपके पास उन्होंने दि कॉसमॉस को-ऑप. बैंक लिमिटेड की विभिन्न शाखाओं में सेफ डिपॉजिट लॉकर हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र (सर्कुलर) और बैंक की नीति के अनुसार, आपने पिछले 7 वर्षों में लॉकर संचालित नहीं किया है, **अथवा** आपने लगातार 3 वर्षों से लॉकर का किराया अदा नहीं किया है।

| अ. क्र. | शाखा का नाम | लॉकर होल्डर का नाम | लॉकर होल्डर का पता |
|---|---|---|---|
| 1 | इंदौर शाखा | मनीष बिलैया | एम-150, स्टेडियम ग्राउंड जनता क्वार्टर, नंदा नगर, इंदौर । |

बैंक द्वारा लॉकर संचालन / किराया भुगतान के संबंध में आपसे फोन, पत्र एवं नोटिस के माध्यम से कई बार संपर्क किया गया, परंतु आपने लॉकर का संचालन नहीं किया / लॉकर किराया जमा नहीं किया। अतः भारतीय रिज़र्व बैंक के परिपत्र (सर्कुलर) एवं बैंक की नीति के अनुसार आपको सूचित किया जाता है कि आप 12/03/2026 तक लॉकर का संचालन करें / जुर्माना सहित बकाया किराया सहित जमा करें, अन्यथा लॉकर को तोड़कर खोलने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कृपया ध्यान दें कि बैंक को लॉकर तोड़ने तथा समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित करने में आने वाले सभी खर्चों की वसूली आप से करने का अधिकार है।
**दिनांक : 25/02/2026, स्थल : पूना** **प्राधिकृत अधिकारी, दि कॉसमॉस को-ऑप. बैंक लि.**

**कार्यालय कलेक्टर, जिला इन्दौर (म. प्र. )**
क्रमांक / 685/ का. से./2026 इन्दौर, दिनांक 23/02/2026
:: विज्ञप्ति ::
मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रमांक 1 सन् 1994 ) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के अधीन एतद् द्वारा ग्राम-जामन्या खुर्द तहसील बिचौलीहप्सी, जिला-इंदौर में आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन हेतु कालोनी विकसित करने की अनुज्ञा दी जाती है :-

| अ क्र | कालोनाईजर का नाम व पता | स्थान जहां के लिये विकास अनुमति जारी की गई है | धरोहर के रुप में बंधक रखे गये भूखंडो का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | भूमिस्वामी 1. श्री दीपक पिता श्री मनोहर धाकड़ 2. श्री जगदीश पिता श्री मनोहर धाकड़ 3. श्री प्रकाश पिता श्री रामेश्वर धाकड़ 4. श्री रविप्रकाश पिता श्री रामेश्वर धाकड़ तर्फे विकासकर्ता अधिराज लाईफ स्टाईल्स एलएलपी तर्फे पार्टनर 1. श्री रोहित पिता श्री पवन शुक्ला 2. श्री अनुराग पंड्या पिता श्री वासुदेव पंडया पताः- विराज शांतिकुंज देवगुराड़िया कनाड़िया रोड़ इन्दौर (म.प्र.) कालोनी का नाम 'GRM CITY' | ग्राम - जामन्या खुर्द, तहसील - बिचौलीहप्सी, जिला - इंदौर स्थित भूमि सर्वे नंबर 5/1 रकबा 0.522 हे., सर्वे नंबर 5/3 रकबा 0.769 हे., सर्वे नंबर 5/4 रकबा 0.021 हे., सर्वे नंबर 13 / 1 रकबा 0.648 हे., सर्वे नंबर 13/3 रकबा 1.571 हे., सर्वे नंबर 13/4 रकबा 1. 149 हे., सर्वे नंबर 13/5 रकबा 2.340 हे. कुल रकबा 7.020 हे भूमि पर | बंधकनामा पंजीकरण क्र. MP7IGR17512025A101047048 इंदौर दिनांक 18.11.2025 से भूखण्ड क्र. 1 से 9 तक, एसआर - 12 से एसआर -15, एसआर -18, 37 से 46 तक, 71 से 80 तक, 85, 86, 100,101, 107 से 119 तक, 125, 252 से 255 तक, एसआर - 267 से एसआर-273 तक, 275 से 282 तक, 321 से 324 तक, 327 से 333 तक, 335 से 341 तक, 373 से 376 तक, 383 से 396 तक, 398 से 404 तक इस प्रकार कुल 114 भूखण्ड है जिसका कुल क्षेत्रफल 9691.13 वर्गमीटर है, बंधक रखे गये है। |

उपरोक्त कालम नंबर-4 में उल्लेखित 114 भूखंड इस कार्यालय में धरोहर के रूप में बंधक रखे गये है अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूखंडो का क्रय विक्रय आगामी आदेश तक नही किया जावेगा
( कलेक्टर महोदय एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा आदेशित )
रिंकेश कुमार वैश्य
अपर कलेक्टर
कालोनी सेल शाखा, जिला-इंदौर